पत्रांक– वित्त(SFC)–12/24(.....)..243..वि0आ0
झारखण्ड सरकार
राज्य वित्त आयोग

रॉंची दिनांक...11-12-24

प्रेषक,

अध्यक्ष,
राज्य वित्त आयोग,
झारखण्ड, रॉंची।

**सेवा में,**

**सचिव,**
ग्रामीण विकास विभाग
झारखण्ड सरकार, रॉंची।

विषय– झारखण्ड पंचायती राज अधिनियम 2001 के प्रावधान तथा 73वें संविधान संशोधन के अनुसूची 11 में वर्णित विषयों से संबंधित शक्तियों का पीआरआई (PRI) में प्रत्योजन एवं अनुपालन की स्थिति के संबंध में।

प्रसंग्र– State Finance Commission letter No.वित्त (SFC)–12/24–48/वि0आ0 दिनांक–01.05.2024 एवं 95/वि0आ0 दिनांक–01.07.2024।

महाशय,

उक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में आपका ध्यान आकृष्ट किया गया था तथा आपको स्मारित भी किया गया था, लेकिन **अधतन आपके कार्यालय से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है**। आप अवगत है कि 13वें भारत वित्त आयोग ने एक निर्धारित विन्दुओं पर राज्य वित्त आयोगो को प्रतिवेदन प्रेषित करने का निदेश दिया गया है, जिसकी पुष्टि 15वें वित्त आयोग ने भी अपने प्रतिवेदन में की है। इस क्रम में आपेक्षित सूचनाएं आपके कार्यालय से प्राप्त होना अति आवश्यक है। आप अवगत है कि पूर्व में आयोग के स्तर पर कोई डाटा उपलब्ध नहीं है तथा कोई डाटा बेस भी उपलब्ध नहीं है। अतः अनुरोध है कि यथाशीध्र प्रसंगाधीन पत्रों के क्रम में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का कष्ट किया जाए।

2. उक्त के अतिरिक्त निम्न विन्दुओ पर स्थिति स्पष्ट करने का कष्ट किया जाए:

(i) एक नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए नामित नोडल पदाध्रिकारी का नाम, पदनाम, मोबाईल नंबर, एवं ई–मेल आईडी सहित व्यौरा उपलब्ध कराया जाए।

(ii) वित्तीय वर्ष 2018–19 –2023–24 तक की विभाग के अंतर्गत संचलित राज्य योजनाएं तथा केन्द्र प्रायोजित केन्द्रीय योजनाओं का व्यौरा तथा योजनाओं के सोसल ऑडिट/इम्पेक्ट स्टडी की स्थिति।

3 विभाग के अंतर्गत गठित विभिन्न निदेशालय, आयोग, पीएमयू इत्यादि का व्यौरा क्या है?

P/-

4. SIRD का वार्षिक प्रशिक्षण क्षमता क्या है? विगत वर्षो में आयोजित प्रशिक्षण की स्थिति क्या हैं? पीआरआई (PRI) द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन के क्रम में क्या प्रशिक्षण सर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है?

5. झारखण्ड लिवलीहूड मिशन की गतिविधियों का वर्ष 2018–19 से वर्ष 2023–24 तक का व्यौरा उपलब्धियां इम्पैक्ट स्टडी तथा स्वरोजगार के माध्यम से enterprises विकास के क्रम में study की स्थिति क्या है? यह परियोजना कब से प्रारंभ/संचालित है? अधतन इसके माध्यम से कितने परिवार स्वरोजगार के माध्यम से मनरेगा या अन्य wage employment से बाहर हुए तथा कितने परिवार की Mainstreming हुई तथा कितने परिवार गरीबी रेखा से उपर उठ गए? इसका जिलावार व्यौरा उपलब्ध कराया जाए।

6. ऐसे कितने परिवार या व्यक्ति जो लिवलीहूड मिशन कार्यक्रम में अच्छांदित है इसको नियमित ट्रेक (Track) करने की क्या व्वयस्था है? क्या कोई डिजिटल प्लेटफार्म है?

7.. उघोग विभाग द्वारा व्यवस्था **एक जिला एक उत्पाद** परिकल्पना का कर्यान्वियन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आपके विभाग की क्या भूमिका है जिलावार स्थिति स्पष्ट करना चाहेंगे। मुख्यतः Liveilyhood Mission इस कार्यक्रम में क्या योगदान दे रहा है?

8.. ग्रामीण विकास विभाग का अन्य विभाग यथा योजना एवं विकास विभाग, श्रम एवं प्रशिक्षण कौशल विकास विभाग, उधोग विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लधु सिचाइ विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग इत्यादि विभागों के साथ समन्वयय की क्या व्यवस्था है? इसका परिणाम कैसा रहा है?

9. अन्तविभार्गीय Convergence की स्थिति उक्त कंडिका के 7 एवं 8 के क्रम में क्या है?

**विश्वासभाजन,**

Ap 10/12/2024

**अध्यक्ष**
राज्य वित्त आयोग

ज्ञापांकः– **वित्त(SFC)–12/24(.....)-243..वि0आ0** **रॉची, दिनांक-11-12-24**
**प्रतिलिपिः**–सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड रॉची के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।

Ap 10/12/2024

**अध्यक्ष**
राज्य वित्त आयोग

ज्ञापांकः– **वित्त(SFC)–12/24(.....)-243.वि0आ0** **रॉची, दिनांक-11-12-24**
**प्रतिलिपिः**–सचिव, उधोग विभाग/सचिव, श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग/सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,/सचिव, जल संसाधन (लधु सिचाई) विभाग झारखण्ड सरकार, रॉची के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।

Ap 10/12/2024

**अध्यक्ष**
राज्य वित्त आयोग